स्थापना दिवस मनाया

शिमला, 25 सितम्बर (ब्यूरो): राष्ट्रीय सेवा योजना की संजौली महाविद्यालय की इकाई ने भी एन.एस.एस. के 51वें स्थापना दिवस पर एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया। ऐसा वैश्विक महामारी के चलते किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. चंद्रभान मेहता ने महाविद्यालय के सभी एन.एस.एस. कार्यकर्त्ताओं को बधाई देते हुए भविष्य में समाज हित में सेवाएं देते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर महाविद्यालय के एन.एस.एस. प्रोग्राम अधिकारी डा. मीनाक्षी शर्मा तथा डा. विकास नाथन ने भी सभी एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को बधाई दी और कहा कि समाज हित में कार्य कर रहे सभी स्वयंसेवियों के लिए यह बहुत बड़ा दिन है। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय इकाई ने 2 दिवसीय ऑनलाइन पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat,26 September 2C
Edition: shimla kesar

एनएसएस के स्थापना दिवस पर एनएसएस इकाई ने की ऑनलाइन प्रतियोगिता

शिमला, 25 सितंबर (ब्यूरो) : एनएसएस का 51वें स्थापना दिवस पर संजौली कॉलेज एनएसएस इकाई ने ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया। इस मौके पर एनएसएस इकाई ने ऑनलाइन पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रतियोगिताओं में 'क्लाइमेट चेंज-समस्या, कारण व समाधान और समाज की जागरूकता में एनएसएस स्वयंसेवकों के योगदान की आवश्यकता जैसे विषयों को शामिल किया गया। एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिताओं के परिणाम दो-तीन दिन में जारी कर दिए जाएंगे और इसकी घोषणा एनएसएस के फेसबुक पेज से की जाएगी। एनएसएस इकाई के सचिव भगत सिंह ने बताया कि 2020-21 सत्र के लिए एनएसएस की प्रवेश प्रक्रिया भी जल्द ही जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ ही दिनों में एनएसएस में रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक जारी कर दिया जाएगा और यह महाविद्यालय की वेबसाइट पर लगा दिया जाएगा।

दैनिक सवेरा Sat, 26 September 2020
epaper.dainiksaveratimes.org/c/